# कार्यालय–प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

पत्रांक– 500/12–1, दिनांकः मसूरी, 10-8-,2018।.

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0,
थत्यूड़, टिहरी गढ़वाल

विषयः– जनपद–टिहरी गढ़वाल में मसराना–किमोई मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 5.3025है0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (आनलाईन प्रस्ताव सं0 FP/UK/Road/23731/2017),

सन्दर्भः– आपका ई0डी0एस0 पत्रांक 2017/21सी0, दिनांक 07–08–2018

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित ई0डी0एस0 पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। विषयांकित प्रकरण में भारत सरकार, पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की फाईल सं0 8बी/यू.सी.पी./96/61/2018/एफ.सी./768, दिनांक 17–07–2018 के बिन्दु सं0 7 में "The area falls in Eco Senstive Zone of Mussoorie WLS" के सम्बन्ध में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक की आख्या /टिप्पणी उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

आपके द्वारा उक्त सन्दर्भित ई0डी0एस0 पत्र के बिन्दु संख्या 7 में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की 39 वीं बैठक दिनांक 23–08–2016 के कार्यवृत्त की प्रति ऑनलाईन अपलोड की गयी है जबकि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–केन्द्रीय क्षेत्र) देहरादून की फाईल सं0 8बी/यू.सी.पी./96/61/2018/एफ.सी./768, दिनांक 17–07–2018 में बिन्दु सं0 7 में "The area falls in Eco Senstive Zone of Mussoorie WLS" के सम्बन्ध में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक की आख्या /टिप्पणी सक्षम स्तर से प्राप्त कर अपलोड की जानी थी।

कृपया विषयांकित प्रकरण में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून के कार्यालय से सम्पर्क करते हुए सक्षम स्तर की वांछित आख्या/टिप्पणी प्राप्त करते हुए आनलाईन अपलोड करें तथा संगत दस्तावेज की मूल प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–उक्तानुसार।**

भवदीया

(कहकशां नसीम)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

पत्रांक 500 /दिनांकित।

प्रतिलिपि – निम्न को उक्त सन्दर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

1. प्रमुख वन संरक्षक,(वन्यजीव)/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड,देहरादून।
2. अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. वन संरक्षक, यमुना वृत्त, देहरादून।

(कहकशां नसीम)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।